**दिनांकः 01.05.2026** **समय– 07.10PM**

**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर में क्रूज दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया, घटना में मरने वालों की संख्या बढकर 9 हुई।
- एलपीजी के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी।
- गुजरात और महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल।
- प्रदेश के ग्वालियर समेत 17 जिलों के लिए आंधी और बारिश का अलर्ट जारी।

**जबलपुर–हादसा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर के बरगी बांध में एक क्रूज के डूबने से हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। वहीं क्रूज डूबने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। यह हादसा कल शाम खमारिया द्वीप के पास बरगी नदी में तब हुआ जब 39 यात्रियों को ले जा रहा एक क्रूज अचानक आए तूफान और तेज लहरों की चपेट में आकर डूब गया। लगभग 20 फीट की गहराई में डूबी क्रूज नाव को आज किनारे पर लाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की........

वहीं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने पूरे प्रदेश में क्रूज़ संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सभी क्रूज़ की तकनीकी जांच पूरी नहीं हो जाती और सुरक्षा मानकों की पुष्टि नहीं होती, तब तक प्रदेश में कहीं भी क्रूज़ संचालन शुरू नहीं किया जाएगा।

**स्वास्थ्य विभागः बैठक**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आज भोपाल में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की भर्ती प्रक्रियाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में पूर्ण की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक, अंतर्विभागीय समन्वय एवं विधिक विषयों में विभागीय पक्ष तत्काल प्रस्तुत किया जाए। विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने के लिए भर्ती नियमों में आवश्यक संशोधन के प्रस्ताव को सक्षम स्तर से स्वीकृति के लिए प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन पदों के लिए परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं, उनके परिणाम शीघ्र घोषित कर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए और जिन पदों की परीक्षाएं शेष हैं, उन्हें जल्द आयोजित किया जाए।

**एलपीजी इंडियन ऑयल**

एलपीजी के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में नई कीमत 3 हजार 71 रुपये 50 पैसे होगी। संशोधित कीमत आज से प्रभावी होगी। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह बढ़ोतरी तेल विपणन कंपनियों द्वारा किए जाने वाले नियमित मासिक मूल्य अपडेट का हिस्सा है।

**गृह मंत्रालय – नागरिकता**

सरकार ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत ओसीआई कार्ड पंजीकरण अब पूरी तरह डिजिटल होगा। नए नियमों में ई–ओसीआई, बायोमेट्रिक आधारित फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन और नाबालिगों के लिए दोहरे पासपोर्ट पर पाबंदी जैसे प्रावधान शामिल हैं। गृह मंत्रालय ने नागरिकता अधिनियम, 2009 में संशोधन किए हैं। इस बदलाव का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और

तेज बनाना है। मंत्रालय ने कहा है कि कोई भी नाबालिग बच्चा भारतीय पासपोर्ट के साथ–साथ किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकता है। अधिसूचना के अनुसार, ओसीआई कार्ड पंजीकरण के सभी आवेदन अब आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा किए जाएंगे।

**अप्रैल–जीएसटी संग्रह**

इस वर्ष अप्रैल में वस्तु और सेवा कर– जीएसटी का कुल संग्रह अब तक के उच्च स्तर पर दर्ज किया गया। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 8 दशमलव सात प्रतिशत अधिक है। कुल जीएसटी संग्रह 2 लाख 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह 2 लाख 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक था। पिछले वर्ष अप्रैल माह में केंद्रीय जीएसटी का कुल संग्रह 52 हजार करोड़ रुपये से अधिक और राज्य जीएसटी 61 हजार 300 करोड़ रुपये से अधिक रहा।

**राज्य स्थापना दिवस**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि 1 मई देश के दो अत्यंत समृद्ध–सशक्त राज्य गुजरात और महाराष्ट्र के प्रशासनिक गठन के स्मरण का दिवस है। राज्यपाल ने आज गुजरात और महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधताएं ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं, जिनके बीच की एकता ही सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत का आधार है। महाराष्ट्र की औद्योगिक क्षमता और वित्तीय नेतृत्व के साथ गुजरात की उद्यमशीलता, व्यापारिक दक्षता, समुद्री विकास और नवकरणीय ऊर्जा विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे।

**गेहूं उपार्जन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में बताया कि प्रदेश में गेहूं उपार्जन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। अब तक 80 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं उपार्जन के लिए स्टॉल बुक हो चुके है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए उपार्जन केन्द्रों पर सभी संभव व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री, विधायक और संबंधित अधिकारियों को उपार्जन प्रक्रिया में पूरी सक्रियता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्देशित किया गया है।

**मौसम**

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच अचानक मौसम ने करवट ले ली है। राज्य के कई हिस्सों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का सिलसिला शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर समेत 17 जिलों के लिए आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया है। कल देर रात तक कई इलाकों में रुक–रुक कर बारिश होती रही। भोपाल, ग्वालियर, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़, रायसेन, बालाघाट, छतरपुर, मुरैना, सागर, पन्ना, मैहर, उमरिया और रीवा जैसे जिलों में कहीं तेज आंधी चली तो कहीं बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिली। राजधानी भोपाल में तेज हवाओं के कारण कोलार रोड सहित कई क्षेत्रों में पेड़ उखड़ गए, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

## आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में, आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से होगा। यह मैच जयपुर में सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा। राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में चौथे स्थान पर है, जबकि डेल्ही कैपिटल्स सातवें स्थान पर है।

**कुछ समाचार संक्षेप में :–**

- शहडोल जिले की धनपुरी नगर पालिका ने पर्यावरण संरक्षण और पॉलीथिन के उपयोग को रोकने के लिए अभिनव पहल की है। नगर में पांच स्थानों पर बैग वेडिंग मशीन लगाई गई है। इन मशीनों में नागरिक प्लास्टिक की खाली बोतल डालकर इसके बदले में उपयोगी बैग प्राप्त कर सकेंगे।
- जबलपुर शहर में सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, शहरी क्षेत्र में नियम का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।
- अशोकनगर में आज से जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण और गणना का कार्य प्रारंभ हो गया । कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर जनगणना का कार्य प्रारंभ करवाया।
- सागर जिले में ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जिले की रहली और गढ़ाकोटा तहसील में अवैध सिंचाई पर प्रतिबंध लगाया है।
- सिंगरौली-
  वन मंडल जिला यूनियन सिंगरौली अंतर्गत तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 के लिए तइयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले में 12 मई से तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।
- **शिवपुरी नगर पालिका क्षेत्र में ग्रीष्मऋतु में पेयजल समस्या के दृष्टिगत आम नागरिकों की समस्या निराकरण हेतु कंट्रोल रूम का गठन किया गया है।**
- **खंडवा- जिले में फैटी लिवर की बढ़ती समस्या को देखते हुए मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय में तीन दिवसीय निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है।**
- **झाबुआ। कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने आज मेघनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने ओपीडी में मरीजों का पंजीयन आभा आईडी से करने के निर्देश दिए।**

**मुख्य समाचार एक बार फिर :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर में क्रूज दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया, घटना में मरने वालों की संख्या बढकर 9 हुई।
- एलपीजी के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी।
- गुजरात और महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह में राज्यपाल और मुख्यमंत्री हुए शामिल।
- प्रदेश के ग्वालियर समेत 17 जिलों के लिए आंधी और बारिश का अलर्ट जारी।

..................................